संख्या:-25 / 2018 / **955/33-3-2018-64/2018**

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग-**3** लखनऊ दिनांक: 04 अप्रैल, **2018**

विषय: गंगा हरीतिमा अभियान के अंतर्गत अभियान क्षेत्र में अवस्थित ग्राम पंचायतो ग्राम गंगा सेवा समिति गठन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 394/14-5-2018-107/2014 **दिनांक** 27 **मार्च**, 2018 **(प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे**, **जिसके द्वारा** ÞगंगाÞ हरीतिमा अभियानß **के आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गए है। उक्त निर्गत दिशा निर्देश के बिंदु संख्या** 6 **के उप बिंदु** (i) **का संबंध पंचायतीराज विभाग से है।**

2- प्रश्नगत शासनादेश के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त अभियान क्षेत्र में अवस्थित ग्राम पंचायतो में अभियान से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन तथा ठोस एवं तरल अवशिष्ट का प्रबंधन किये जाने हेतु **Þग्राम गंगा सेवा समितिß** का गठन किया जाना है। इस प्रकार यह समिति 07 सदस्यीय होगी, जो निम्नवत है:-

क्रं.सं	**पदनाम**	**समिति मे स्तर**
1	संबंधित ग्राम प्रधान	अध्यक्ष
2	संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव, ग्राम पंचायत)	सदस्य सचिव
3	स्थानीय लेखपाल	सदस्य
4	जिलाधिकारी द्वारा नामित अन्य विभागों के 02 शासकीय कर्मी	सदस्य
5	जिलाधिकारी द्वारा नामित महिला स्वयं सहायता समूह का 01 सदस्य	सदस्य
6	जिलाधिकारी द्वारा नामित अभियान से संबंधित कार्य मे रूचि रखने वाला स्थानीय निवासी/संस्था प्रतिनिधि(01)	सदस्य

http://shasanadesh.up.nic.in

3- गंगा सेवा समिति द्वारा जिला गंगा समिति के निर्देशन में अभियान से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित विभागीय कार्यक्रमों से अभियान क्षेत्र के गांवों को संतृप्त किया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने के साथ-साथ मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 394/14-5-2018- 107/ 2014 **दिनांक** 27 **मार्च**, 2018 **मे दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।**

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी**)**
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक**:-** तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित**:**

1. **निजी सचिव**, **मुख्य सचिव**, **उत्तर प्रदेश शासन।**
2. **सचिव**, **पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।**
3. **प्रमुख सचिव**, **वन एवं वन्यजीव उत्तर प्रदेश शासन।**
4. **मिशन निदेशक**,**स्वच्छ भारत मिशन**(**ग्रामीण**), **उ**0**प्र**0।
5. **समस्त मुख्य विकास अधिकारी**, **उ**0**प्र**0।
6. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0), **उ**0**प्र**0।
7. **समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी**, **उ**0**प्र**0।
8. **गार्ड फाइल।**

आज्ञा से,

(जितेन्द्र बहादुर सिंह**)**
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in